तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026




13 अतिक्रमणकारियों का नया पैंतरा, बोले यह पूर्वजों की भूमि, जांच में...


14 पात्र हितग्राहियों तक आसानी से पहुंच रही सरकारी...









## खबर संक्षेप

### श्री शनिदेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल से

**अभनपुर।** ग्राम पी. जामगांव में भगवान शनि देव महाराज मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 16 मई शनिवार को किया जाएगा। यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है, जिसे लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम के तहत 15 मई को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। वहीं 16 मई को विधि-विधान के साथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी तथा इसके पश्चात महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।समिति सदस्य दिनेश साहू ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

### ग्राम जेंजरा में कृषक संगोष्ठी आज

**कोपरा।** ग्राम जेंजरा में 15 मई को ग्राम पंचायत भवन में कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में शामिल होकर कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करेंगे। संगोष्ठी के दौरान कृषि विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के वैज्ञानिक और विशेषज्ञ किसानों को उन्नत खेती, फसलों की देखभाल, आधुनिक तकनीक, पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही किसानों को खेती में लागत कम कर अधिक उत्पादन लेने के उपाय भी बताए जाएंगे।

### केपीएल मैच 23 को

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के इंदिरा नगर में 23 मई को केपीएल मैच का रोमांच देखने को मिलेगा इस बीच खरोरा के 6 टीमों के बीच मुकाबला होगा। यह आयोजन सुबह 6:30 शुरू होगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने उक्त जानकारी दी।

# डीजल संकट: खेतों में थमे ट्रैक्टरों के पहिए, पंपों पर जार लेकर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वेस्ट एशिया में जारी तनाव और बढ़ते वैश्विक ऊर्जा संकट का असर अब गरियाबंद जिले के ग्रामीण इलाकों में भी दिखाई देने लगा है मैनपुर और देवभोग विकासखंड के कई पंपों में डीजल की कमी देखने को मिली, जिससे आम लोग, किसान और वाहन चालक परेशान नजर आए। तहसील मुख्यालय मैनपुर में दो पेट्रोल पंप है जिसमें एक पेट्रोल पंप में पिछले दो दिनों से डीजल खत्म हो चुका है और भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में डीजल नहीं मिलने से कई वाहन चालक पेट्रोल पंपों के चक्कर लगाते रहे। खेती–किसानी और माल परिवहन से जुड़े लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में दिक्कतें और बढ़ सकती हैं।

डीजल की कमी की खबर फैलते ही क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों में वाहन चालकों की भीड़ उमड़ पड़ी कई लोग डिब्बे और गैलन लेकर लाइन में खड़े नजर आए हालात ऐसे बने कि देर रात तक लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने सीमित मात्र में ही डीजल देने की व्यवस्था लागू कर दी, ताकि ▶▶|शेष पेज 13 पर

## मैनपुर-देवभोग में रातभर पंपों में लगी भीड़, लोगों में बढ़ी बेचैनी



### खेती-किसानी पर सबसे ज्यादा असर

खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच डीजल संकट ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेत समतलीकरण और जुताई में लगे ट्रैक्टरों के पहिए थमने लगे हैं कई किसानों ने बताया कि मशीनें घंटों से खेतों में खड़ी हैं लेकिन डीजल नहीं मिलने से काम रुक गया है ग्रामीण इलाकों में खेती से जुड़े छोटे कामकाज भी प्रभावित होने लगे हैं किसानों का कहना है कि यदि जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आगामी दिनों में कृषि कार्यों पर बड़ा असर पड़ सकता है। डीजल की कमी का असर सिर्फ किसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यात्री वाहन, माल परिवहन और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रें में रोजमर्रा के कामकाज करने वालों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यदि अगले कुछ दिनों में पर्याप्त आपूर्ति नहीं हुई, तो क्षेत्र में संकट और गहरा सकता है।

## विडंबना : आरक्षित जमीन पर बना इको पार्क, दूसरी जगह भी योजना ठंडी; अब तक नई जगह तय नहीं

# जिला बने 14 साल बीते, पर गरियाबंद आज भी आधुनिक बस स्टैंड को तरस रहा; यात्री बेहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला बने गरियाबंद को 14 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन जिला मुख्यालय में आज भी सुव्यवस्थित और आधुनिक बस स्टैंड का अभाव बना हुआ है। बस स्टैंड में सुविधाएं भी नहीं के बराबर है। बस स्टैंड में साधन संसाधन नहीं होने से आवागमन करने वालों को बड़े परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिले की पहचान बनने के बाद भी यात्री आज पुराने और संकरे बस स्टैंड पर निर्भर हैं, जहां बढ़ती भीड़ और अव्यवस्थित यातायात के कारण रोजाना जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। जिला मुख्यालय में आवागमन लगातार बढ़ने के बावजूद बस स्टैंड की स्थिति जस की तस बनी हुई है। नेशनल हाईवे किनारे छोटी-सी जगह में संचालित इस पुराने बस स्टैंड में यात्री बसों के साथ अन्य वाहनों की आवाजाही भी होती है, जिससे दिनभर अव्यवस्था का माहौल रहता है। यात्रियों, बस संचालकों और स्थानीय लोगों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**पुराने बस स्टैंड में बढ़ रही मुश्किलें-** वर्तमान बस स्टैंड की सीमित जगह के कारण बसों की आवाजाही के दौरान सड़क पर जाम लगना आम बात हो गई है। यात्रियों को धूप, बारिश और यातायात अव्यवस्था के बीच सफर करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय होने के बावजूद मूलभूत यात्री सुविधाओं का अभाव स्थानीय प्रशासन की योजनाओं पर सवाल खड़े कर रहा है।

**नपा अध्यक्ष लगातार कर रहे प्रयास-** नगर पालिका अध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 13 पर

### आरक्षित भूमि पर नहीं बन सका बस स्टैंड

प्रशासन द्वारा पहले जिला पंचायत कार्यालय के पास पुलिस आवासीय कॉलोनी के सामने नवीन बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमि आरक्षित की गई थी, लेकिन बाद में वहां इको पार्क विकसित कर दिया गया। इसके बाद न्यू सर्किट हाउस के समीप बस स्टैंड निर्माण की योजना पर विचार किया गया और नगर पालिका को इसके लिए 40 लाख रुपये की स्वीकृति भी मिली। हालांकि, सर्किट हाउस क्षेत्र में वीआईपी आवागमन में संभावित व्यवधान और भूमि की सीमित उपलब्धता को देखते हुए यह प्रस्ताव भी निरस्त कर दिया गया। इसके बाद से अब तक प्रशासन बस स्टैंड निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान तय नहीं कर पाया है।

# धमनी में जनगणना मकान सूचीकरण पूर्ण

## जानकारी पोर्टल पर अपलोड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जनगणना अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत ग्राम धमनी में मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य पूरा कर लिया गया है।राजिम तहसीलदार डिम्पल धुरव के निर्देशन एवं मास्टर ट्रेनर कन्हैया मिश्रा तथा अशोक मानिकपुरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 से 30 मई तक चलने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रगणक महेन्द्र कुमार पंत, विकास झा,उत्तम भारती और राजेश साहू ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए सर्वे पूरा कर लिया। विकाससखंड फिंगेश्वर के ग्राम धमनी में 433 भवनों का चिहंकन करते हुए विस्तृत आंकड़ा जनगणना पोर्टल पर संकलित किया गया। मकान सूचीकरण अभियान के दौरान पर्यवेक्षक राकेश कुमार सेवता और पटवारी भगवती साहू ने फील्ड स्तर पर निगरानी रखकर आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए सभी जानकारी डिजिटल पोर्टल पर अपलोड की गई। प्रगणक महेन्द्र कुमार पंत ने बताया कि इस बार की जनगणना पेपर लेस है,जिसमें सभी तरह की जानकारी डिजिटल माध्यम से भरी जा रही है।जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया गया जिसमें मकान के स्वरुप के तहत मकान के फर्श,दिवाल,छत आदि के साथ मकान की वास्तविक स्थिति तथा बिजली, पानी, शौचालय, पानी की निकासी, रसोई आदि 34 बिन्दु की जानकारी जनगणना के डिजिटल पोर्टल पर अपलोड की गई है। तहसीलदार डिम्पल ध्रुव ने बताया कि मकान सूचीकरण ▶▶|शेष पेज 13 पर

# ढाबा में 1800 का खाना खाकर कार सवार रफूचक्कर, संचालकों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर से लगे बाऊजी ढाबा में बुधवार देर रात एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने होटल और ढाबा संचालकों की चिंता बढ़ा दी है। कार में पहुंचे दो युवक बड़े इत्मिनान के साथ ढाबे में आए, तरह-तरह के व्यंजनों का ऑर्डर दिया, आराम से खाना खाया और फिर भुगतान किए बिना ही मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के ढाबा संचालकों में भी सतर्कता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात लगभग 10 बजकर 50 मिनट पर एक कार बाऊजी ढाबा पहुंची। कार में सवार दो लोग पहले सामान्य ग्राहकों की तरह टेबल पर बैठे। इनमें से एक व्यक्ति ने टेबल पर हल्का नाश्ता किया, जबकि दूसरा कुछ देर बाद गाड़ी में जाकर बैठ गया। इसके बाद उन्होंने वेटर को गाड़ी में ही खाना परोसने के लिए बुलाया। ढाबा कर्मचारियों ने भी उन्हें सामान्य ग्राहक समझते हुए पूरी व्यवस्था कर दी। ढाबा संचालक राकेश सोनकर ने बताया कि दोनों युवकों ने अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का ऑर्डर दिया था। करीब 1800 रुपये का खाना खाने के बाद जब भुगतान करने का समय आया, तब दोनों ने अचानक गाड़ी स्टार्ट की और तेज रफ्तार से मौके से फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि कर्मचारी कुछ समझ ही नहीं पाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जानकारी जुटाई जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। इस घटना के बाद ढाबा और होटल संचालकों से अपील की है कि रात के समय आने वाले संदिग्ध ग्राहकों पर विशेष नजर रखें और बड़े ऑर्डर देने वालों से पहले ही भुगतान या वाहन की स्पष्ट जानकारी जरूर ले लें। उनका ▶▶|शेष पेज 13 पर

# 3 साल से बिना मलद्वार के जी रहे युवराज का होगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




3 साल से बिना मलद्वार के जीने को मजबूर है कमार मासूम

3 साल से बिना मालद्वार के जीने को मजबूर है कमार मासूम के संबंध में हरिभूमि ने खबर प्रकाशित किया था। ग्राम पंचायत बोईरगांव आश्रित ग्राम बेहराडीह में निवास करने वाले बच्चें युवराज नेताम पिता श्री फलेश नेताम उम्र 3 वर्ष को चिरायु टीम द्वारा वर्ष 2024–25 में इस बीमारी मालफॉर्मेशन का पता लगाया गया व प्राथमिक उपचार किया गया। चिरायु टीम द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत बच्चे यूवराज नेताम के परिवार जनो के द्वारा डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया था व परीजन के सदस्य को डीकेएस अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा नियमित फालोऑप के लिए बुलाया गया था किन्तु उनके द्वारा समय पर फालोऑप कराने नहीं पहुंचा जिससे बीमारी में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान ▶▶|शेष पेज 13 पर

## मंच से तहसीलदार माफी मांग, मामला शांत कराने किया कोशिश लेकिन भड़के सरपंच

# सरपंचों का अपमान पड़ रहा भारी, तहसीलदार को हटाने की मांग को लेकर झरगांव शिविर में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के अमलीपदर तहसील में सुशासन के दावों के बीच एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अमलीपदर तहसीलदार गेंदलाल साहू द्वारा भोजन के दौरान सरपंचों को कथित रूप से अपमानित कर उठाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस अपमान के विरोध में गुरुवार को 16 पंचायतों के सरपंचों ने लामबंद होकर झरगांव में आयोजित जिला स्तरीय शिविर का बहिष्कार कर दिया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर तहसीलदार को हटाने का अल्टीमेटम दिया है। ज्ञापन के अनुसार, 07 मई को अमलीपदर-नवापारा में सुशासन पर्व का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में भोजन का पूरा प्रबंध क्षेत्र की पंचायतों ने आपसी सहयोग से किया था। सरपंचों का आरोप है कि जब वे अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भोजन करने बैठे और पत्तल लग चुके थे, तभी तहसीलदार गेंदलाल साहू ने उन्हें बीच से उठा दिया। सरपंचों का कहना है कि जिस आयोजन का खर्च और जिम्मेदारी उन्होंने उठाई, उसी में उन्हें बेइज्जत किया गया। सरपंच संघ अध्यक्ष हलमन ध्रुवा और अमलीपदर सरपंच हेमोबाई नागेश ने दोटूक कहा कि यह केवल दो सरपंचों का नहीं, बल्कि पूरे सरपंच संघ का अपमान है।




## खबर संक्षेप

### अब जनता पर थोपा जा रहा विफलताओं का बोझ : धनेंद्र

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि देश आज जिस आर्थिक एवं अंतरराष्ट्रीय संकट की आशंका से गुजर रहा है, उसे लेकर हमारे कांग्रेस राजनीतिज्ञ राहुल गांधी लगातार केंद्र सरकार को आग्रह करते रहे हैं। उन्होंने समय रहते अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर अमेरिका-ईरान तनाव



एवं युद्ध जैसे हालातों को देखते हुए पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री, उर्वरक एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता तथा कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए ठोस एवं प्रभावी तैयारी करने की मांग की थी। लेकिन प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी के आग्रह के बावजूद भी ध्यान नहीं दिए और इस संकट से बचने के लिए कोई उपाय नहीं किया। श्री साहू ने कहा कि आज स्थिति ऐसी बनती दिखाई दे रही है कि स्वयं प्रधानमंत्री देश की जनता से पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करने, एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने, विदेश यात्राओं से बचने, खाद्य तेल का उपयोग कम करने तथा किसानों से रासायनिक खादों का उपयोग 50 प्रतिशत तक कम करने की अपील कर रहे हैं।

### कनसिघी में समाधान शिविर 19 मई को

**रसेला।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेश के साथ जिले में भी सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम कनसिघी में धान खरीदी केंद्र पर 19 मई दिन मंगलवार को सुनिश्चित किया गया है। इस शिविर में 15 पंचायतों के जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुख और समस्त ग्रामवासियों भाग लेंगे। जिसमें रसेला, रूवाड, मुढीपानी,कुडेरादादर,दादरगाव नया,मेडकीडबरी, कनसिघी,पड्रीपानी गोंड, भरूवामुडा,कोठीगाव, पेंड्रा, सिवनी, सेम्हरा, केवटीझर, टोनहीडबरी शामिल हैं। 19 मई को धान खरीदी केंद्र में सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन होगा।

### लापरवाही : स्कूल, बाजार और चौक-चौराहों से भारी वाहन गुजर रहे लेकिन कोई रोक-टोक नहीं

# पंजवानी चौक पर मौत बनकर दौड़ा रेत से भरा ट्रैक्टर, गाड़ी से कूदा चालक, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के भीतर इन दिनों रेत से भरी हाइवा और ट्रैक्टरों की अनियंत्रित आवाजाही लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। सुबह से लेकर देर रात तक भारी वाहन शहर की व्यस्त सड़कों से गुजर रहे हैं, जिससे हर दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अब आम नागरिकों में भय और आक्रोश दोनों साफ दिखाई देने लगा है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग और प्रशासन अब तक कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नहीं आ रहे हैं। दो दिन पहले पंजवानी चौक में हुई घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। रेत से भरा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सीधे एक दुकान में जा घुसा। घटना के समय आसपास लोगों की आवाजाही थी, लेकिन गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। यदि उस समय दुकान के सामने भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और लोगों ने भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की। शहरवासियों का कहना है कि शहर की सड़कों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह खतरनाक साबित हो रहा है। स्कूल, बाजार, चौक-चौराहे और रिहायशी इलाकों से गुजरते ये वाहन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। कई बार तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण राहगीरों को अचानक किनारे हटना पड़ता है। धूल और शोर से भी लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नियमों के बावजूद भारी वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश लगातार जारी है। ऐसा प्रतीत होता है मानो यातायात नियमों का पालन कराने वाला कोई नहीं है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर समय सीमा तय की जाए और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। साथ ही मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस की नियमित तैनाती की भी आवश्यकता बताई जा रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन नहीं चेता तो आने वाले दिनों में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल शहरवासी यही सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर दुर्घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार कब जागेंगे? बता दें कि पंजवानी चौक के पास जिस दुकान में यह ट्रैक्टर घुसी उसके चालक ट्रैक्टर से कूदकर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियो के मुताबिक गंज रोड स्थित पंजवानी चौक के पास रेत से लोड ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर दुकानों के बीच जा घुसा। हादसे के दौरान मौके पर में अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए। गनीमत रही कि इस भयावह हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि दुकान के सामने लगा लोहे का शेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

#### अफरा-तफरी का माहौल, बाल-बाल बचे राहगीर




जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 एएस 1920 इंदिरा मार्केट की ओर जा रहा था। इसी दौरान पंजवानी चौक के पास किसी युवक ने चालक को मारने के लिए दौड़ा। खुद को बचाने की कोशिश में चालक ने ट्रैक्टर रोकने की बजाय चलती गाड़ी से ही छलांग लगा दी। चालक के कूदते ही रेत से भरा ट्रैक्टर बेकाबू हो गया और सीधे सड़क किनारे स्थित बुक डिपो और कपड़े की दुकानों के बीच जा फंसा। हादसे के वक्त सड़क पर भीड़ अपेक्षाकृत कम थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ट्रैक्टर कुछ फीट और आगे बढ़ जाता, तो कई लोग उसकी चपेट में आ सकते थे। बाद में दूसरे इंजन की मदद से रेत भरी ट्रॉली को काफी मशक्कत के बाद लोहे के एंगल में फंसे ट्रैक्टर इंजन को बाहर निकाला गया। स्थानीय व्यापारियों और लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि चालक की लापरवाही ने कई जिंदगियों को खतरे में डाल दिया था। ट्रैक्टर को नियंत्रित करने की बजाय चलती गाड़ी से कूद जाना बेहद गैरजिम्मेदाराना हरकत थी। फिलहाल घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है, लेकिन इस हादसे ने एक बार फिर शहर में भारी वाहनों की लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## टाइगर रिजर्व में कैमरे में उल्लू कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से बेहद की खुबसूरत तस्वीर निकलकर सामने आई है इस तस्वीर को बीट गार्ड टाकेश्वर देवांगन ने अपने कैमरे मे कैद किया है। साथ ही इसके बारे में वन विभाग द्वारा बेहद ही रोचक जानकारी दिया गया है जिसके अनुसार कटफोड़वा पक्षी काफी मेहनती पक्षी के रूप में जाना जाता है और अपनी मजबूत छेनी जैसी चोच का उपयोग करके सुखे या बड़े वृक्षों के तनों में सुराख बनाता है और यह घोसला ने केवल रहने के लिए होता है बल्कि अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए बनाया जाता है। इस घोसले को बनाने उसे कई दिनों तक मेहनत करना पड़ता है लेकिन प्रकृति का चक्र ऐसा चलता है कि कटफोड़वा पक्षी द्वारा बनाये गये घोसले का उपयोग उल्लू पक्षी द्वारा किया जाता है। उल्लू पक्षी उस घोसले पर कब्जा कर लेता है और कटफोड़वा को डराकर खदेड़ देता है।



## राजिम में जन-जागरूकता, कहा-स्वदेशी अपनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा/राजिम

देश को आत्मनिर्भर,आर्थिक रूप से मजबूत एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आम नागरिकों के लिए जनजागरूकता आधारित अपील सामने आई है। इस अपील में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठतम नेता जितेंद्र सोनकर, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, जेंजरा परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष डॉ टुमन साहू, महेश साहू ने देशवासियों से दैनिक जीवन में ऐसे छोटे-छोटे बदलाव अपनाने का आग्रह किया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी हो सके। प्रधानमंत्री की अपील में जहां संभव हो वहां वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता देने की बात कही गई है, ताकि ईंधन की खपत कम हो और यातायात का दबाव घटे। इसके साथ ही लोगों से एक वर्ष तक अनावश्यक रूप से सोना खरीदने से बचने का आग्रह किया गया है, जिससे देश की आर्थिक बचत को मजबूती मिल सके। इन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपील में पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए मेट्रो, रेल एवं सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने तथा निजी वाहनों का सीमित प्रयोग करने का संदेश दिया गया है। साथ ही खाने के तेल के अत्यधिक उपयोग को कम करने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह भी दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से रासायनिक खाद का उपयोग घटाकर प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती की ओर बढ़ने का आह्वान किया है।

## जिला सहकारिता एवं उद्योग विकास समिति की बैठक संपन्न

### उपार्जित धान के निराकरण, खाद-बीज भंडारण एवं वितरण की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला सहकारिता एवं उद्योग विकास समिति की बैठक समिति की सभापति रामदुलारी सिन्हा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई। जिसमें कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक उद्योग विकास निगम महासमुंद, सहायक खनिज अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी जिला महासमुंद, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर, जिला महासमुंद के समस्त शाखा प्रबंधक तथा जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधक उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान उपार्जित धान के निराकरण एवं अंतिम लेखा मिलान की प्रगति की समीक्षा की गई। सभापति रामदुलारी सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा लेखा मिलान कार्य में पारदर्शिता एवं सटीकता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी विभागों के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए खरीफ सीजन की तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाएं।

बैठक में आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज के भंडारण तथा वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कृषि विभाग द्वारा फसल अनुरूप खाद के प्रकार एवं निर्धारित मात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि किसानों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही खाद एवं बीज का वितरण किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि किसानों को आवश्यक कृषि आदान समय पर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, ताकि खेती-किसानी कार्य प्रभावित न हो। इस अवसर पर सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली, कृषि आदान उपलब्धता तथा किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भी चर्चा की गई।



### अस्पतालों में कार्यरत नर्सों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** नर्स डे के अवसर पर मां डिजिटल एक्स-रे एवं पैथोलॉजी सर्विसेस व मां मेडिकल स्टोर के संचालक ललित कुमार चक्रधारी ने जिला अस्पताल तथा बागबाहरा सीएचसी के सभी अलग-अलग वार्ड सर्जिकल वार्ड, मेडिसिन वार्ड, डेलीवरी वार्ड, चाइल्ड वार्ड, इमर्जेंसी वार्डों में जाकर वहां उपस्थित सभी नर्सों का सम्मान गुलाब और मिठाई देकर किया। चक्रधारी ने कहा कि अस्पताल में जो स्टाफ नर्स रहते हैं उनका मरीजों की देखभाल में बड़ा योगदान रहता है। डॉक्टर के इलाज के बाद नर्स का सबसे बड़ा दायित्व रहता है। ऑपरेशन थिएटर से लेकर मरीज के अस्पताल से डिस्चार्ज तक वह मरीज का समय-समय पर ड्रेसिंग दवाइयां एवं उनके भोजन व्यवस्था को ध्यान में रखकर बेहतर सेवा प्रदान करती हैं। नर्स की सेवा अतुलनीय है।

## खरीफ ऋण, धान उठाव और पैक्स कम्प्यूटराइजेशन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर में प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार मासिक समीक्षा बैठक की गई। 14 मई को प्रातः 11 बजे जिला बस्तर तथा दोपहर 3 बजे दंतेवाड़ा शाखा भवन में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले के नोडल अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 की मांग वसूली की बैंक एवं समिति स्तर पर समीक्षा करते हुए अल्पकालीन खरीफ ऋण वितरण की प्रगति पर चर्चा की गई। इसके अलावा धान उठाव एवं लेखा मिलान, खाद-बीज भंडारण एवं वितरण, वास्तविक स्टॉक एवं पास मशीन स्टॉक के मिलान संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही साथी पोर्टल फेस-11 में एंट्री, पुनर्गठित समितियों को समयबद्ध योजना के तहत क्रियाशील बनाने, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन अंतर्गत बैंक मिलान, ऑडिट, रियल टाइम डे-एंड, शाखा एवं समिति निरीक्षण की प्रगति पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में आधार सीडिंग एवं डीईएएफ फंड अंतर्गत अनक्लेम्ड डिपॉजिट खातों के विरुद्ध पूर्ण किए गए केवाईसी तथा शेष ग्राहकों की सूची प्रेषण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में शिविर का आयोजन

### कृषि वैज्ञानिकों ने फसलवार संतुलित उर्वरक उपयोग हेतु किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आज जिले के पांचों विकासखंडों के 10 ग्रामों में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि तथा अन्य समवर्गीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर एवं किसान रथ के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रचार कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष किया गया। शिविर का आयोजन विकासखंड महासमुंद अतर्गत ग्राम मालीडीह एवं जोबा, विकासखंड बागबाहरा अतंर्गत खट्टी एवं परकोम, विकासखंड पिथौरा के ग्राम जघोरा एवं नयापाराकला, विकासखंड बसना अतर्गत मेदनीपुर एवं रूपापाली तथा विकासखंड सरायपाली के ग्राम पझरापाली एवं अरतुंडा में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे। शिविर में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया एवं किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग प्रोत्साहन हेतु वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर ई-उर्वरक (टोकन प्रणाली) आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया गया। तथा डी.ए.पी.के विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे - नैनो डीएपी. नैनो यूरिया 12:32:16, 20:20:13 एवं एसएसपी के उपयोग के संबंध में कृषकों को बताया गया। हरीखाद, जैव उर्वरक, नीलहरित काई, केंचुआ खाद आदि के उपयोग से न केवल भूमि की दशा में सुधार होता है अपितु उत्पादकता वृद्धि भी होती है। शिविर में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, एग्रीस्टैक से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें से कुछ आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही मौके पर किया गया तथा शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।






### दिल्ली की मोबाइल लाइब्रेरी में पहुंचीं छत्तीसगढ़ पर्यटन और संस्कृति पर आधारित पुस्तकें

**महासमुंद।** पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व जनरल मैनेजर एवं लेखक बिष्णु मोहन पांडा द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ पर्यटन, संस्कृति एवं जनजातीय जीवन पर आधारित पुस्तकों को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की मोबाइल लाइब्रेरी सेवा में शामिल किया गया है। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के वरिष्ठ पुस्तकालय अधिकारी एवं अन्य सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि इन पुस्तकों के माध्यम से दिल्लीवासियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों, लोक परंपराओं तथा जनजातीय जीवन को जानने और समझने का अवसर मिलेगा।

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा संचालित 5 मोबाइल लाइब्रेरी बसों के जरिए ये पुस्तकें दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचेंगी। इससे बड़ी संख्या में पाठकों को छत्तीसगढ़ के इतिहास, संस्कृति और पर्यटन संबंधी जानकारी प्राप्त होगी। लेखक बिष्णु मोहन पांडा ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और जनजातीय परंपराओं के लिए देशभर में विशेष पहचान रखता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पुस्तकों के माध्यम से लोगों में छत्तीसगढ़ पर्यटन के प्रति रुचि बढ़ेगी और राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। यह पहल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और पर्यटन संभावनाओं को देशभर में प्रचारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तबाहः जनक ध्रुव

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों, बढ़ती महंगाई और जनविरोधी



फैसलों के कारण आज देश की आम जनता भारी संकट का सामना कर रही है पेट्रोल. डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री और खेती. किसानी से जुड़े जरूरी सामानों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। ग्रामीण क्षेत्र के दौरे से पहुंचे विधायक जनक ध्रुव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपील को जख्मों पर नमक डालने वाला उपदेश बताया है। पिछले 2 माह से डीजल, पेट्रोल, गैस के संकट से जूझ रही तथा महंगाई की मार झेल रहे जनता से प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान खेती में उर्वरक का उपयोग कम करें, कामकाजी वर्ग वर्क फॉर्म होम करिए, खाद्य तेल का कम उपयोग करें गैस का उपयोग कम करें, सोना मत खरीदें, विदेश यात्र मत करें।

### रूपेश साहू बने युवा प्रकोष्ठ का संयोजक

**सुरसाबांधा।** जिला साहू संघ गरियाबंद की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए समाज हित में सक्रिय भूमिका निभा रहे रूपेश साहू को युवा प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति



के बाद समाज के युवाओं एवं सामाजिक जनों में उत्साह का माहौल है। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि रूपेश साहू अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। युवा प्रकोष्ठ के संयोजक बनाए जाने पर रूपेश साहू ने समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे। नवीन दायित्व के लिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू जिलाध्यक्ष प्रवीण साहू ,राजिम मंदिर समिति के लाला साहू ,संरक्षक सोमप्रकाश साहू, पुष्पा साहू ,देवराज साहू, सुनीति साहू का आभार जताया है।

### 93.4% अंक लाकर अदिति ने बढ़ाया मान

**महासमुंद।** शहर के क्लब पारा निवासी प्रतिभाशाली छात्रा अदिति तिवारी ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026 में 93.40% अंक प्राप्त कर अपने परिवार, शिक्षकों और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अदिति ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं की शिक्षा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा से प्राप्त की और अपनी मेहनत, अनुशासन तथा निरंतर प्रयासों के चलते यह सफलता हासिल की।

**अतिक्रमण : उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व, आरोपियों का दावा बनाम तकनीकी साक्ष्य**

# अतिक्रमणकारियों का नया पैंतरा, बोले यह पूर्वजों की भूमि, जांच में खुला 610 एकड़ निजी जमीन का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी कोर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण और वन कटाई के मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अवैध अतिक्रमण कानूनी कारवाई से बचने आरोपी अब बोले, हम टाइगर रिजर्व में नहीं, टाइगर रिज़र्व के बाहर स्थित पूर्वजों की भूमि पर खेती कर रहे हैं राजस्व विभाग से जानकारी जुटाई तो पता चला 166 आरोपियों के पास पहले से 247 हेक्टेयर (610 एकड़) निजी भूमि है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सीतानदी कोर क्षेत्र के भीतर अवैध अतिक्रमण, वन कटाई एवं पर्यावरणीय क्षति के गंभीर प्रकरण में अब नया मोड़ सामने आया है। जैतपुरी ग्राम के जिन 166 आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम एवं भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा जिनकी अग्रिम जमानत याचिकाएं माननीय जिला न्यायालय द्वारा निरस्त की जा चुकी हैं, उन्हीं आरोपियों ने अब अपने लिखित जवाब में नया दावा प्रस्तुत किया है। आरोपियों द्वारा अब यह कहा जा रहा है कि उन्होंने टाइगर रिजर्व की वन भूमि पर कोई अतिक्रमण नहीं किया है, बल्कि वे उस भूमि पर खेती कर रहे हैं जो उन्हें उनके पूर्वजों द्वारा प्राप्त हुई थी तथा जो कथित रूप से टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बाहर स्थित है। टाइगर रिज़र्व प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह दावा जांच एवं उपलब्ध साक्ष्यों के विपरीत प्रतीत होता है। इसरो के उपग्रह चित्रें, जमीनी निरीक्षण, जीपीएस एवं ड्रोन मैपिंग एवं अन्य तकनीकी विश्लेषणों से यह प्रमाणित हुआ है कि वर्ष 2011 से कोर क्षेत्र में निरंतर वनक्षेत्र का अतिक्रमण एवं विस्तार हुआ है। लगभग 106 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिक्रमण पाया गया है तथा हाल ही में 237 वृक्षों को काटने, 574 वृक्षों को घेरकर सुखाने, ठूंठ जलाने एवं अतिक्रमण का विस्तार करने के प्रमाण भी प्राप्त हुए हैं। वन विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व में कई आरोपियों ने अपने जवाब में यह स्वीकार किया था कि उनके पास संबंधित वन–भूमि के वैध स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। पटवारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 166 आरोपियों के पास पहले से 247 हेक्टेयर (610 एकड़) निजी भूमि राजस्व क्षेत्र में उपलब्ध है। यह विवेचना भी की जा रही है कि क्या अतिक्रमणकारियों ने अवैध कमाई से नयी संपत्ति भी अर्जित की है।







**जांच का वैज्ञानिक आधार**

वन विभाग का कहना है कि मामले की जांच वैज्ञानिक एवं कानूनी आधार पर जारी है तथा सभी साक्ष्यों का परीक्षण किया जा रहा है। संरक्षित कोर क्षेत्र में जैव विविधता एवं पारिस्थितिकी तंत्र को हुए नुकसान की भरपाई के लिए बड़े स्तर पर फारेस्ट री–स्टोरेशन कार्य भी प्रारंभ किए जा रहे हैं, जिनमें जल संरक्षण संरचनाएं, कंटूर ट्रेंच, चेक डैम एवं फेंसिंग के भीतर फलदार प्रजातियों का वृक्षारोपण शामिल है।

### जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाए जनता : सिन्हा

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व स्तर पर जारी आर्थिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का प्रभाव लगभग सभी देशों पर पड़ रहा है। ऐसे समय में देश के संसाधनों का संतुलित उपयोग और आत्मसंयम राष्ट्रीय मजबूती का आधार बनता है।



प्रधानमंत्री मोदी का यह संदेश देश का विदेशी मुद्रा भंडार कम ना हो, कुछ समय सोना कम खरीदें, डीजल पेट्रोल कम उपयोग करें, विदेश भ्रमण कम करें, किसान फर्टिलाइजर कम उपयोग करें। इसका अर्थ किसी प्रतिबंध का नहीं बल्कि जागरुकता और जिम्मेदारी का आह्वान है। भाजपा जिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिन्दु सिन्हा ने कहा कि डीजल-पेट्रोल की बचत से जहां आम नागरिकों का खर्च कम होगा, वहीं देश की ऊर्जा निर्भरता भी कम होगी। इसी प्रकार अनावश्यक विदेश यात्राओं में कमी से विदेशी मुद्रा का संतुलन मजबूत होगा। सोने की अत्यधिक खरीद पर संयम रखने का संदेश भी देश की आर्थिक स्थिरता और निवेश संतुलन को ध्यान में रखकर दिया गया है। खेती में कम उर्वरक उपयोग जहां किसानी के खर्चे को कम करेगी समाज को सही गुणवत्ता युक्त अनाज प्राप्त होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाए।

# शिविर में ग्रामीणों ने मांगी शराब भट्टी, तो कहीं भ्रष्टाचार रोकने लगा एसीबी काउंटर का आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशभर में संचालित "सुशासन तिहार" के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के क्लस्टर बनाकर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत, कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याएं सुन रहे हैं तथा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण भी किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तहत आयोजित इन शिविरों में जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी मूलभूत समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंच रहे हैं, वहीं कुछ ऐसे आवेदन भी सामने आ रहे हैं, जिन्होंने अधिकारियों सहित आम लोगों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है।

शिविर का पहला आयोजन पाट सिवनी क्षेत्र में किया गया, जहां लगभग 14 से 15 ग्राम पंचायतों को मिलाकर क्लस्टर बनाया गया था। इस दौरान ग्राम पंचायत खड़मा के करीब 10 से अधिक ग्रामीणों ने अलग अलग आवेदन प्रस्तुत कर गांव में शराब भट्टी खोलने की मांग कर दी। ग्रामीणों का कहना था कि आसपास शराब उपलब्ध नहीं होने से लोगों को दूर जाना पड़ता है, इसलिए गांव में अधिकृत शराब दुकान खोली जाए।

गौरतलब है कि सामान्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान बंद कराने, शराबबंदी लागू करने या अवैध शराब बिक्री रोकने जैसी मांगें सामने आती रही हैं, लेकिन गांव में ही शराब भट्टी खोलने की मांग ने शिविर में मौजूद लोगों को हैरान कर दिया। इस आवेदन को संबंधित आबकारी विभाग को अग्रेषित कर दिया गया है। वहीं सुशासन तिहार का दूसरा शिविर कोसमी क्षेत्र में आयोजित हुआ, जहां उपसरपंच संघ के अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे ने एक अलग प्रकार की मांग रखते हुए शिविरों में एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) का काउंटर लगाने की मांग की। उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया कि वर्तमान समय में लगभग सभी विभागों में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है और आम जनता को शिकायत दर्ज कराने के लिए उचित मंच नहीं मिल पाता। रूपनाथ बंजारे का कहना था कि यदि सुशासन तिहार शिविरों में एसीबी का अलग काउंटर लगाया जाए तो लोग सीधे भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे और दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई संभव हो सकेगी। उनका मानना है कि इससे शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। इस संबंध में शिविर में उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शिविर में प्राप्त सभी प्रकार के आवेदन संबंधित विभागों को भेजे जा रहे हैं। शराब दुकान खोलने की मांग वाले आवेदन को आबकारी विभाग तथा एसीबी काउंटर लगाने संबंधी आवेदन को गृह विभाग को प्रेषित किया गया है। आगे की कार्रवाई उच्च कार्यालय स्तर पर नियमानुसार की जाएगी।

## तूफान के बाद बिछी फलों की चादर...



**मैनपुर।** क्षेत्र में इन दिनों वनोपज संग्रहण सरई बीज का किया जा रहा है यह साल वृक्ष का फल है जिसे संग्रहण करने ग्रामीण इलाके में लोग सुबह 4 बजे जंगल की तरफ निकल जाते है और इसे पेड के नीचे से एकत्र कर जलाकर साफ सफाई के बाद बीज को दुकानों में विक्रय किया जाता है और इससे मिलने वाले आय से ग्रामीण जीवन यापन करते हैं। वनांचल मैनपुर क्षेत्र में ग्रामीण वनोपज पर आश्रित रहते हैं बुधवार रात को हवा तूफान से सरई का फूल पूरे क्षेत्र के जंगलों में बिखरा गया। गुरूवार को सुबह जब ग्रामीण सरई फल का संग्रहण करने जंगल के तरफ रूख किये तो खुशी से उनके चेहरे खिल उठे क्योंकि चारो तरफ सिर्फ सरई का फल चादर की तरह बिछा हुआ। मैनपुर, जिड़ार गिरहोला मार्ग में चारों तरफ यह अद्भूत नजारा सुबह नजर आया।

## नगर में हो रहे निर्माण कार्यों का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**नवापारा-राजिम।** नगर के विभिन्न वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं इंजीनियर राहुल थवानी निर्माण स्थल पहुंचे । नपा अध्यक्ष ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की एवं ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने एवं निश्चित समयावधि में कार्य को पूर्ण करने निर्देश दिया। नपा



अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में नाला निर्माण, वार्ड क्रमांक 8 में आंगनबाड़ी एवं प्रार्थना शेड निर्माण, वार्ड क्रमांक 15 में आकांक्षी शौचालय निर्माण, वार्ड क्रमांक 16 में शेड निर्माण का कार्य प्रगति पर है। वार्ड क्रमांक 21 तहसील कार्यालय के पास आकांक्षी शौचालय निर्माण का कार्य पूर्णतया की ओर है। नपा अध्यक्ष ने कहा कि नगर के विभिन्न वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं समयसीमा में कार्य पूर्ण करने निर्देश संबंधित ठेकेदार को दी गई है। नगर में बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने के लिए विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। जिसका लाभ नगरवासियों को शीघ्र मिलने लगेगा।

# गाय का दूध अमृत के समान : बिशेसर पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

गोपाल गौशाला में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेसर पटेल पहुंचे उन्होने सर्वप्रथम गौ माता की पूजा किया गुड़ तथा केला खिलाया। घुम-घुमकर पूरी गौशाला का निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्था देखकर संतुष्ट हुए। गौशाला विकास के लिए उन्होने कई सुझाव दिए। इस अवसर पर जानकारी देते हुए गौशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि गौशाला में वर्तमान में 460 गोवंश है। संचालन के लिए शासन द्वारा 25 लाख रुपए अनुदान मिलता है इसके अलावा नगर के गो प्रेमियों द्वारा दान के रूप में हमें और भी राशि मिलता है, जो अपर्याप्त है। इस दौरान गौ सेवा आयोग के अधिकारी समीर शर्मा ने गोवंश की रक्षा के लिए आयोग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित लोगो के बीच गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि प्रतिदिन हमें गो माता की पूजा अर्चना करके दिनचर्या की शुरूआत करना चाहिए। इस पृथ्वी में गो सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं है। गाय हमसे कुछ नहीं लेती है केवल देती ही देती है। लोग कहते हैं कि गाय को हम पालते हैं जबकि गाय हमें पालती हैं। बताया कि जो आदमी गाय का दूध पीएगा वह कभी आतंकवादी नहीं बनेगा। गाय का दूध अमृत के समान है। गाय के दूध के साथ-साथ,पंचगव्य, गोमूत्र और गोबर भी शारीरिक आर्थिक वैज्ञानिक और धार्मिक दृष्टि से भी बहुत उपयोगी है। प्रातः काल गाय के दर्शन से मनुष्य में सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है। गाय की पूंछ को सिर में घुमाने से लगी हुई नजर हट जाती है। ग्रह दशा ठीक होती है,गाय के गोबर का छोटा सा टुकड़ा मोबाइल में लगाने से रेडिएशन खत्म होता है। कोई भी पूजा पाठ में गाय के गोबर,दूध,दही से ही अनुष्ठान संपन्न होते है। गौमूत्र, पंचगव्य का सेवन करने से असाध्य बीमारी ठीक हो जाती है। आज विज्ञान ने भी गाय को इन सभी उपयोग में स्वीकृति दी है।




**गौवंश के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए**

**आयोग की योजनाएं और समाज का समर्पण-** समाजसेवी गोपाल यादव ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल अपना पूरा जीवन को गौ सेवा के लिए समर्पित कर दिया है पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने गौ माता के बारे में विस्तार से बताया। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे ने गौशाला संचालन के लिए 14 लाख रुपए अनुदान राशि प्रदाय के लिए आवेदन सौपा। इस अवसर पर रमेश पहाड़िया, अशोक गंगवाल, चंदू कंसारी, गिरधारी अग्रवाल, रविशंकर साहू, मुन्ना यादव ,सनत चौधरी, संतोष माखीजा, विवेक साहनी, राजू काबरा, ब्रह्मदत्त शास्त्री, मोहन अग्रवाल, लखन साहू ,रूपेंद्र साहू, योगिता सिन्हा, पार्षद मयाराम साहू, वीरेंद्र साहू, डॉ. टीपी वर्मा, नत्थु साहू, डॉ. टी एन रमेश मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष...

### डीजल संकटः खेतों...

ज्यादा से ज्यादा लोगों तक ईंधन पहुंच सके इसके बावजूद कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा।
**अफवाह के चलते पेट्रोल पंपो में भारी भीड़-** मैनपुर देवभोग क्षेत्र के कई पंपो मे आज दूसरे दिन भी डीजल की सप्लाई नहीं हो पाई तो दूसरी ओर डीजल पेट्रोल नहीं मिलने की खबर तेजी से फैलते ही अफवाह के चलते लोगों की कतार पेट्रोल पंपों में लगी हुई है। मैनपुर पेट्रोल के एक संचालक ने बताया की पिछले दो दिनों से उन्हे डीजल नहीं मिल रहा है। टेंकर वापस आ गई है तो वहीं दूसरी ओर संबंधित विभाग के अफसर पर्याप्त डीजल और पेट्रोल सप्लाई करने का दावा भी करते नही थक रहे है।
**कम हो रही सप्लाई-** जिला खाद्य अधिकारी गरियाबंद अरविंद दुबे ने बताया की आगे से सप्लाई कम है लेकिन कल तक व्यवस्था ठीक हो जायेगी। उन्होने बताया लोग ज्यादा पेट्रोल डीजल एकत्र करने में लगे हुए है जिसके कारण यह परेशानी आ रही है।

### जिला बने 14 साल...

रिखी राम यादव ने बताया कि गरियाबंद में आज भी पुराने ढर्रे पर नेशनल हाईवे किनारे छोटी-सी जगह में बस स्टैंड संचालित हो रहा है, जिससे यात्रियों और बस संचालकों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि नवीन और सुरक्षित बस स्टैंड निर्माण के लिए जिला प्रशासन और शासन स्तर पर लगातार पत्राचार और चर्चा की जा रही है। उनका प्रयास है कि जल्द से जल्द गरियाबंद वासियों को नए बस स्टैंड की सौगात मिले।

### धमनी में जनगणना...

आगामी योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए आधार तैयार करेगा। उन्होंने प्रगणकों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सीमित समय में सटीक और पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करना सराहनीय है। उन्होंने ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों और राजस्व अमले के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। प्रगणकों और सुपरवाइजरों को आगे भी इसी तरह जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस जनगणना कार्य में सहयोग के लिए प्रगणक महेन्द्र कुमार पंत, विकास झा, उत्तम भारती, राजेश साहू, सुपरवाइजर राकेश कुमार सेवता, पटवारी भगवती साहू ने समस्त धमनी वासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### ढाबा में 1800 का...

कहना है कि कुछ शातिर लोग अब खाने-पीने की दुकानों को आसान निशाना बनाने लगे हैं। ढाबा संचालक ने कहा की दो दिन के भीतर पेमेंट जमा नहीं किया तो इनके खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराएंगे।

### 3 साल से बिना...

में समाचार पत्र में प्रकाशित होने के उपरांत कलेक्टर द्वारा बच्चें के ईलाज के निर्देश दिए गए तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. यूएस नवरत्न के मार्गदर्शन में दिनांक 14 मई को डीकेएस अस्पताल रायपुर में डॉक्टर मय चिरायु टीम के साथ बच्चे युवराज के मालफॉर्मेशन बीमारी के सफल सर्जरी कराने के लिए डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया है। अतः स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चे यूवराज नेताम को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए मालफॉर्मेशन बीमारी की सर्जरी के लिए डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराकर उपचार किया जा रहा है।

## शौर्य और सेवा के साथ मनाई गई पृथ्वीराज चौहान की जयंती

**नवापारा-राजिम।** वैशाख जेष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि को जन्मे अखण्ड भारत के अंतिम हिन्दू शासक सम्राट पृथ्वी राज चौहान का जन्म दिन राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज द्वारा मनाया गया। सर्वप्रथम चौहान वंश के अंतिम हिन्दू शासक पृथ्वीराज चौहान के छायाचित्र पर सामाजिक सदस्यों ने फूलों की माला अर्पित किया। साथ ही सम्राट पृथ्वीराज चौहान के राजकवि चन्दरबरदाई की कही गयी कविता चार बास चौबीसा गज अँगुल अष्ट प्रमाप ता ऊपर सुल्तान है मत चुको चौहान को सभी सामाजिक सदस्यों ने एक स्वर मे पठन किया। कृष्ण कुमार चौहान ने सम्राट पृथ्वी राज चौहान के विशेष गुणों मे से पशु - पक्षियों वाले प्रेम को समाजिक सदस्यों को अवगत करने के लिए समाजिक सदस्यों के घर के मुख्य दरवाजे पर प्लास्टिक की कटोरी बांधी गई जिसमे प्रतिदिन सुबह-शाम पानी डालने के लिए सामाजिक सदस्यों को कहा गया सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त किया। वही हीरासिंह चौहान ने सामाजिक सदस्यों के घर सम्राट पृथ्वी राज चौहान के छाया चित्र को दिखाकर आज के युवा पीढी को सम्राट पृथ्वी राज चौहान के शौर्य गाथा के साथ रोचक जानकारी भी दी ताकि आज की पीढी कहे कि हमे अपने चौहान वंश पर गौरव है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रेम चौहान सत्यनारायण चौहान और दालचद चौहान और चेतन कुमार चौहान का विशेष योगदान रहा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गफ्फू मेमन बने एफसीआई कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्य

**गरियाबंद।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार (गफ्फू) मेमन को छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की



कंसल्टेटिव कमेटी का सदस्य मनोनीत किया है। मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उनका कार्यकाल दो वर्ष अथवा आगामी आदेश तक रहेगा। एफसीआई की कंसल्टेटिव कमेटी में सदस्य के रूप में गफ्फू मेमन खाद्यान्न भंडारण, परिवहन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर सुझाव देंगे। यह समिति समय-समय पर खाद्य सुरक्षा, राशन वितरण व्यवस्था, गोदाम संचालन और आम उपभोक्ताओं की समस्याओं की समीक्षा कर केंद्र सरकार तथा एफसीआई को फीडबैक देती है। समिति के सदस्य जमीनी स्तर की समस्याओं और स्थानीय सुझावों को विभाग तक पहुंचाने का काम भी करते हैं, ताकि सार्वजनिक वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। अपनी नियुक्ति के बाद गफ्फू मेमन ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### महिला मोर्चा मंडल कोपरा में सेवती महामंत्री तो धनेश्वरी बनीं उपाध्यक्ष

**कोपरा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल कोपरा में संगठन विस्तार के तहत ग्राम लोहरसी की सेवती साहू को महिला मोर्चा मंडल कोपरा का





महामंत्री एवं ग्राम तर्रा की धनेश्वरी साहू को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। जिम्मेदारी मिलने पर दोनों पदाधिकारियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा एवं भाजपा मंडल कोपरा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में बिंदु सिन्हा जिलाध्यक्ष, भारती साहू महामंत्री जिला गरियाबंद, हीरामनी साहू मंडल अध्यक्ष कोपरा ममता साहू तर्रा, राधिका साहू कौंदकेरा, धानबाई साहू महामंत्री भाजपा मंडल कोपरा लता ध्रुव, रामेश्वरी कुर्रे, नीतू साहू सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल कोपरा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी मिलने से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा महिला मोर्चा गांव-गांव तक पार्टी की विचारधारा एवं जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### भाजपा सरकार में विकास की रफ्तार तेज : गोपी ध्रुव

**कोपरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के



नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार लगातार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति दे रही है। यह बात भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर कही। उन्होंने कहा कि विकास पुरुष राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयासों से क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य स्वीकृत होकर तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के पांच वर्षों में जो कार्य नहीं हो पाए, उन्हें भाजपा सरकार ने महज ढाई वर्षों में धरातल पर उतारने का कार्य किया है।

## सुशासन तिहार : शिविर में 934 आवेदन मिले, अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान

# पात्र हितग्राहियों तक आसानी से पहुंच रही सरकारी योजनाएं : गौरीशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य सरकार के मंशानुरूप प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2026 के तहत आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गरियाबंद जिले के सभी विकासखण्डों के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में भी लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम झरगॉव स्थित हाईस्कूल परिसर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आसपास के 20 गांवों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएँ एवं मांगें प्रस्तुत कीं। शिविर के दौरान कुल 934 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 308 मांग एवं 26 आवेदन शिकायत से संबंधित थे। प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का निराकरण स्थल पर ही त्वरित रूप से किया गया, जिससे लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन की सरकार है। पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं के लाभ को पहुंचाने के लिए लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे हर नागरिक को सरकारी सेवाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि सभी विभागीय अधिकारी यहॉ नागरिकों की मांग, समस्या एवं शिकायतों को सुनने के लिए उपस्थित हुए है। उन्होंने नागरिकों से अपील कि की सभी अपनी समस्याओं का निराकरण के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के समक्ष रखें। जिससे उनके परेशानियों का निराकरण किया जा सके। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार के मंशा अनुसार सुशासन तिहार का जो आयोजन किया जा रहा है यह लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए मील का पत्थर साबित होगा।



### मौके पर हितग्राहियों को मिला लाभ



गरियाबंद कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए यहॉ मौजूद है। उन्होंने सभी नागरिकों से राशन कार्ड का ई-केवाईसी कराने, आयुष्मान कार्ड बनवाने और शासन की अन्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से अनेक योजनाओं का लाभ समय पर और सरल तरीके से लोगों तक पहुंच रहा है। शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, एसडीएम हितेश्वरी बाघे, पुनितराम सिन्हा, जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ जितेश कुमारी गजभिये, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, बीआरसीसी शिवकुमार नागे, वरिष्ठ कृशि विकास अधिकारी मैनपुर जी के ठाकुर, पशु चिकित्सा अधिकारी योगेश नायक स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में अधिकारियों ने स्टाल लगाकर लोगों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और 02 बच्चों का अन्नप्रासन्न करवाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने 05 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। मत्स्य विभाग ने पात्र हितग्राहियों को मछली पकड़ने के जाल प्रदान किए।

## मोदी की अपील पर कांग्रेस का हमला

# जनता के जख्मों पर नमक छिड़क रही केंद्र सरकार : धनेंद्र साहू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा कि पिछले दो माह से डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस संकट से जूझ रही जनता को राहत देने के बजाय प्रधानमंत्री द्वारा "कम उपयोग" की सलाह देना आम लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में धनेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों को उर्वरक कम उपयोग करने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने, महिलाओं को खाद्य तेल और गैस की खपत कम करने, लोगों को एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्राओं से बचने की सलाह दे रहे हैं, जबकि सरकार की जिम्मेदारी संकट का समाधान करना है।

### खाद संकट से किसान परेशान, उत्पादन पर असर की आशंका

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में कई वर्षों से उर्वरकों की कमी बनी हुई है। किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है और खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। धनेन्द्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता है लेकिन अभी तक सीमित मात्रा ही समितियों तक पहुंची है जिससे किसानों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार आज किसानों को उर्वरक कम उपयोग करने की सलाह दे रही है, जिससे कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दोनों प्रभावित होंगे।

### वर्क फ्रॉम होम की सलाह पर भी उठाए सवाल

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की वर्क फ्रॉम होम संबंधी अपील पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि फेरी लगाने वाले, छोटे व्यापारी, मजदूर और फील्ड में काम करने वाले लोग घर बैठकर अपना रोजगार कैसे चला पाएंगे। धनेन्द्र साहू ने कहा देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 'आराम हराम है' का संदेश दिया था, जबकि वर्तमान सरकार लोगों को काम कम करने की सलाह दे रही है। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि बढ़ती महंगाई बेरोजगारी, टोल टैक्स, रेल किराया और जीएसटी के कारण आम परिवारों की आय और बचत दोनों घट रही हैं। घरेलू जरूरतें पूरी करने के लिए लोगों को कर्ज लेना पड़ रहा है। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, विधायक जनक ध्रुव, संजय नेताम, पवन सोनकर सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में भी लबालब भरे हैं तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा



जहां एक ओर भीषण गर्मी के चलते कई गांव जल संकट और सूखे की समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं सुरसाबांधा क्षेत्र का ग्राम श्यामनगर आज हरियाली, जल संरक्षण और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा उदाहरण बनकर उभर रहा है। गांव का तालाब गर्मी के इस मौसम में भी पानी से लबालब भरा हुआ है तथा चारों ओर फैली हरियाली लोगों को आकर्षित कर रही है। गांव में पेड़-पौधों की हरियाली, स्वच्छ वातावरण और जल संरक्षण की बेहतर व्यवस्था के कारण श्यामनगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। तालाब किनारे विकसित सुंदर वातावरण गांव की प्राकृतिक सुंदरता को और अधिक बढ़ा रहा है। ग्रामीणों द्वारा वर्षों से जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देने का परिणाम आज साफ दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अन्य गांव भी श्यामनगर की तरह पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन को प्राथमिकता दें, तो भविष्य में जल संकट जैसी समस्याओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। भीषण गर्मी में भी गांव में पानी की उपलब्धता बने रहना पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है। श्यामनगर आज केवल एक गांव नहीं, बल्कि हरियाली, स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश देने वाला प्रेरणादायक मॉडल बन चुका है।



### तर्री में विप्र भवन के लिए भूमिपूजन

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत तर्री में निवास रत विप्र समाज को सामाजिक सांस्कृतिक कार्य हेतु ग्राम पंचायत तर्री द्वारा विप्र समाज को भूमिआवंटन किया गया था जिसका विधिवत भूमि पूजन पंडित कन्हैया तिवारी के मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। तर्री ग्राम पंचायत सरपंच लता सिन्हा ,जनपद सदस्य वर्षा संतोष मिश्रा सभापति वन एवं पर्यावरण उपसरपंच विवेक शर्मा, लखन सिन्हा, विप्र कुल महिला मंडल अध्यक्ष रेखा तिवारी, उपाध्यक्ष तनु मिश्रा, सचिव सोमा शर्मा, कोषाध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा, विप्र कुल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नवापारा प्रसन्न शर्मा ,रमेश तिवारी तथा समस्त पंचगण उपस्थित थे। वर्षा-संतोष मिश्रा जनपद सदस्य ने जनपद निधि से विप्र समाज भवन निर्माण के लिए 2 लाख रूपए देने की घोषणा की।

## ईंधन बचत करके राष्ट के प्रति अपना दायित्व निभाएं : हेमलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



पश्चिम एशिया युद्ध के असर के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते युद्ध तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमतों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन रही है। ऐसी स्थिति में देश में संभावित पैट्रोल डीजल एवं कमर्शियल गैस संकट को ध्यान में रखते हुए मलेवाअचल भाजपा मंडल के महिला मोर्चा के अध्यक्ष हेमलता ध्रुव ने कहा है कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में देश के संसाधनों पर अतिरिक्त भार न पड़े इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करना चाहिए। इसी कड़ी में



मंडल उपाध्यक्ष टिकेश्वरी कोमर्रा ने कहा देश जब चुनौती पूर्ण परिस्थितियों से गुजर रहा हो तब प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संयम और जिम्मेदारी का परिचय दे। लोमेश्वरी कोमर्रा, सुकारो ठाकुर, कविता, पुजा चौहान ने कहा ईंधन की बचत और गैर जरूरी खर्चों में कटौती करके हम राष्ट के प्रति अपना कर्तव्य निभा सकते हैं।

# दुल्ला और सारागांव के किसानों को मिले आधुनिक खेती के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन क्षेत्र में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए किया जा रहा है। यह अभियान मुख्य रूप से रबी और खरीफ फसलों की बुआई से पहले आयोजित होता है। यहां आयोजन ग्राम पंचायत दुल्ला और ग्राम पंचायत सारागाव में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से जनपद सदस्य एवं कृषि स्थाई समिति सदस्य नारायण सिन्हा, कृषि वैज्ञानिक मनीष आर्या, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन ठाकुर,उत्तम चौहान,इशु खुटे, सरपंच इदेश्वरी कंवर, शशिकांत साहू, उद्यानिकी विभाग और पशु विभाग के अधिकारी के साथ किसान मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन ठाकुर ने कहा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि को आधुनिक, जलवायु अनुकूल बनाना और किसानों की आय को बढाना। इस अभियान का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राज्य कृषि विभागों और कृषि विज्ञान केन्द्रो द्वारा मिलकर किया जाता है। इसके तहत कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों की टीम सीधे गांवों में जाकर किसानों से जुडती है और उन्हें मृदा स्वास्थ्य, नई फसलों और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देती है। कृषि वैज्ञानिक मनीष आर्या ने इस अवसर पर कहा यह अभियान केवल तकनीकी जानकारी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वैज्ञानिकों और किसानों के बीच विश्वास एवं सहभागिता का पुल बनाना। किसानों को ज्ञान, सम्मान और समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता को इस अभियान ने नई दिशा दी है। ठाकुर ने किसानों को दलहन तिलहन उत्पादन की नवीनतम तकनीकों, जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों, कीट एवं रोग प्रबंधन, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य सुधार और उन्नत बीजों के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस मौके पर जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा पीएम किसान योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा योजना, ड्रोन प्रौद्योगिकी, और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसे सहकारी योजनाओं से किसानों को जोड़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान उपसरपंच सुरेश शर्मा, टेकचंद चन्द्राकार, उदयभानु, रामेश्वर ठाकुर, परमेश्वर,खेलन, गणेश राम, वेदराम, सहित सभी किसान बंधुओं उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाएं युवा

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के निर्देशानुसार युवाओं का जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विज्ञान, तकनीकी एवं नवाचार के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मनिर्भरता, ज्ञान और तकनीकी विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निलेश कुमार सिन्हा, परमेश्वर एवं भूपेंद्र उपस्थित रहे। वहीं अशोक चक्रधारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए तकनीकी क्षेत्रों में कौशल विकास एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। , राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## लोककला को बचाना ही जीवन का उद्देश्य

# मजदूरी कर राजकुमार बने लोककला के साधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

राजिम अंचल की धरती कला, संस्कृति और लोक परंपराओं की समृद्ध विरासत को अपने भीतर समेटे हुए है। यहाँ की मिट्टी में लोकगीतों की मिठास है, लोकनृत्य की लय है और लोक कलाकारों की वह तपस्या है, जिसने गाँव की चौपाल से लेकर बड़े मंचों तक अपनी अलग पहचान बनाई है। इसी सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाले कलाकारों में एक नाम आज पूरे क्षेत्र में सम्मान के साथ लिया जाता है लोहरसी गाँव के प्रसिद्ध लोक कलाकार राजकुमार यादव का। साधारण परिवार में जन्मे राजकुमार यादव ने अपनी मेहनत, लगन और कला के प्रति समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जहां तक पहुंचने का सपना हर कलाकार देखता है। उनकी आवाज में गांव की खुशबू है, उनके गीतों में लोकजीवन की सच्चाई है और उनके प्रस्तुतीकरण में संस्कृति की आत्मा बसती है। बचपन से ही कला के प्रति था गहरा लगाव राजकुमार यादव बताते हैं कि बचपन से ही उन्हें लोकगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शौक था। गांव में जब भी कोई धार्मिक आयोजन, मड़ई, जसगीत या सांस्कृतिक कार्यक्रम होता था, वे बड़े उत्साह से उसमें भाग लेते थे। उस समय संसाधन सीमित थे, लेकिन कला के प्रति उनका प्रेम असीम था। वे रेडियो पर लोकगीत सुनते, बड़े कलाकारों को ध्यान से देखते और फिर उसी शैली को अपने अंदाज में प्रस्तुत करने का प्रयास करते। उनका कहना है कि कलाकार बनने की शुरूआत किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे प्रयासों से होती है। गांव की चौपाल, स्कूल के कार्यक्रम और स्थानीय आयोजन ही उनके लिए पहली पाठशाला बने। संघर्षों ने मजबूत बनाया व्यक्तित्व हर सफल कलाकार के पीछे संघर्षों की लंबी कहानी होती है और राजकुमार यादव भी इससे अछूते नहीं रहे। शुरूआती दौर में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कभी साधनों की कमी रही, तो कभी मंच तक पहुँचने के अवसर सीमित रहे। कई बार उन्हें दूर-दराज के कार्यक्रमों में बिना किसी सुविधा के जाना पड़ता था। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

### आर्थिक तंगी से जीवन भर जुझे



राजकुमार यादव बिना झिझक, बिना संकोच किए बतलाता है कि आर्थिक तंगी थी, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ रोजी-मजदूरी करनी पड़ी। खाना बनाने से लेकर झाडू, बर्तन, पोछा तक का काम किया। गाय, भैंस और बकरी भी चराया। हालात ऐसे थे कि सिर्फ आठवीं तक ही पढ़ पाया। लेकिन मजदूरी के बीच भी लोकगीत और लोकसंगीत से मेरा नाता नहीं टूटा। बताया कि राजिम थाना में रहकर 15 वर्षो तक लगातार थाना प्रभारी रविन्द्र उपाध्याय, शमशेर खान, विजय कटरे सहित कई अधिकारियों के यहां खाना बनाया इस दौरान इन पुलिस अधिकारियो का मार्गदर्शन और सहयोग मिला, जिसने मेरे संघर्ष को हौसला दिया। बचपन से ही छत्तीसगढ़ के जस गीत, फाग सम्राट दुकालू यादव जी के साथ गीत-संगीत के मंचों पर काम करता रहा। उनके सानिध्य में छत्तीसगढ़ी लोकधुनों, जस-फाग और लोकशैली की बारीकियां सीखीं। धीरे-धीरे गीत लेखन, लोकसाहित्य सृजन, आलेख प्रस्तुतीकरण और मंच संचालन में भी पकड़ बनी। वे आज छत्तीसगढ़ के कई जिलों के साथ दिल्ली तक कार्यक्रम देने जा चुके हैं। उन्होने बताया कि 26 साल पहले ऐतिहासिक खोज के लिए 6 लोगों की टीम के साथ धसकुड के घने जंगल में गया। टीम में स्व. आनंदी यादव फुलझर, स्व. भूनू कमार फुलझर, स्व. ईश्वरी ध्रुव रवेली, नरेश ध्रुव दमका और एक अन्य साथी थे। स्थानीय बोली में इसे धसकुड कहते हैं, लेकिन पौराणिक इतिहास के अनुसार यह स्थान दस कुंड है। वहां धसकुड का डोंगरी पहाड़ और जाम नाला का झरना देखा।

